तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार 1 दिसंबर 2025

10 एनएसएस कैंप बेलगांव में माकड़ी पुलिस ने चलाया...



11 आंध्रप्रदेश के देवरपल्ली से 6 लाख का 33 टन मक्का...





## खबर संक्षेप

### डिजिलटल क्रॉप सर्वे एवं गिरदावरी अब 15 तक

**कांकेर।** गिरदावरी एवं डिजिटल क्रॉप सर्वे का संशोधन का प्रावधान 30 सितंबर 2025 तक रहेगा। इसके उपरांत पीव्ही एप के माध्यम से ही भौतिक सत्यापन उपरांत प्रविष्टियों में परिवर्तन किया जा सकेगा। यह ऐप 15 सितंबर से गो लाईव होगा तथा इस ऐप के माध्यम से 31 अक्टूबर तक प्रविष्टियों में परिवर्तन किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि पीव्ही एप के माध्यम से भौतिक सत्यापन उपरांत प्रविष्टियों में परिवर्तन करने की अवधि को 30 नवंबर तक बढ़ा दिया गया था। तिथि को बढ़ाकर 15 दिसंबर तक किया गया।

### बनसागर में शिव महापुराण कथा 25 से 31 दिसम्बर तक

**बनसागर।** विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बनसागर के शिवमंदिर प्रांगण में देवाधिदेव महादेव की असीम कृपा से श्रीश्री शिव महापुराण सप्ताह ज्ञान महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 25 से 31 दिसम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। यह आयोजन स्व पुनित कौशिक एवं माता स्व जानकी कौशिक की पुण्य स्मृति में किया जा रहा है। कथा प्रवाह 25 दिसम्बर गुरुवार कलश यात्रा, वेदी पूजन, शिवमहापुराण उत्पत्ति, 26 दिसम्बर, शुक्रवार सृष्टि उत्पत्ति, शिवलिंग प्रादुर्भाव, चंचुला कथा 27 दिसम्बर शनिवार नारद मोह, सती चरित्र, पार्वती जन्म 28 दिसम्बर, रविवार शिव-पार्वती विवाह, 29 दिसम्बर, सोमवार कार्तिकेय एवं गणेश जन्म, त्रिपुर दानव वध कथा, 30 दिसम्बर, मंगलवार बारह ज्योतिर्लिंग एवं अन्य पावन कथाएँ 31 दिसम्बर बुधवार शिवगीता, हवन एवं पूर्णाहुति पावन कथा का वाचन कथा व्यास पं. गोविन्द प्रसाद शुक्ला द्वारा किया जाएगा तथा परायणकर्ता पं. गज्जू गर्ग शुक्ला रहेंगे।

### एसआईआर गणना पत्रक अब 11 तक जमा कर सकेंगे

**कांकेर।** चुनाव आयोग ने 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहीं स्पेशल इंटेंसिव रिविजन प्रक्रिया की समय-सीमा 7 दिन बढ़ा दी है। आयोग की ओर से पूर्व आदेश को निरस्त करते हुए नया शेड्यूल जारी किया गया है। इसके अनुसार अब एन्यूमरेशन, बूथों के पुनर्गठन से लेकर ड्राफ्ट रोल की पब्लिकेशन और क्लेम-ऑब्जेक्शन की प्रक्रिया सभी संशोधित तिथियों के अनुसार होगी। अंतिम तिथि 4 दिसंबर तक थी, यानी सिर्फ 4 दिन शेष रह गए थे। अब 7 दिन समय-सीमा बढ़ने से अंतिम तिथि 11 दिसंबर हो गई।

### अमीन भर्ती परीक्षा में गहरे रंग के पोशाक पहनने पर नहीं दे सकेंगे परीक्षा

**जगदलपुर।** व्यापम द्वारा 16 जिलों में 7 दिसम्बर को जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लगभग 2 लाख 30 हजार अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षार्थी, परीक्षा प्रारंभ होने के 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचेंगे। ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सकेगा। प्रातः 12 बजे से परीक्षा प्रारंभ होगा इसलिए मुख्य द्वार प्रातः 11.30 बजे बंद कर दिया जावेगा। हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आएंगे। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा।

### विश्व एड्स दिवस आज मिले एड्स के संक्रमित 2511 मरीज

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित जिला एड्स नियंत्रण समिति बस्तर जिला अध्यक्ष एवं कलेक्टर हरीश एस., मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के मार्गदर्शन में संचालित आईसीटीसी सेंटर महारानी हॉस्पिटल जगदलपुर, आईसीटीसी सेंटर चिकित्सा महाविद्यालय डिमरापाल, आईसीटीसी मोबाइल वैन जगदलपुर, आईसीटीसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बकावंड और आईसीटीसी केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तोकापाल में संचालित है।

# आसमान रहेगा साफ, दिन-रात कड़ाके की ठंड, न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे जाने की संभावना

## बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की है जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अलग खबर

कांकेर जिले में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। पिछले कुछ दिनों से चल रही ठंडी हवाओं ने लोगों को सर्दी का अहसास कराना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले चार दिनों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे जाने की संभावना व्यक्त की गई है। आसमान साफ रहने से रात और सुबह के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे ठंड का असर और बढ़ने वाला है। रविवार को जिले में न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा। विभाग के मुताबिक वर्तमान में न्यूनतम और अधिकतम तापमान के बीच काफी अंतर देखा जा रहा है। इसी कारण सुबह और रात में कड़ाके की ठंड महसूस हो रही है, जबकि दिन में हल्की धूप लोगों को राहत दे रही है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि बादलों का छंटना जारी है, जिससे आने वाले दिनों में ठंड तेज होगी और तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है। पिछले कुछ हफ्तों से जिले में कभी बादल, कभी हल्की गर्मी और कभी ठंड का मिला-जुला दौर जारी था। रात और सुबह का तापमान लगातार गिरने से लोगों ने गर्म कपड़े निकाल लिए हैं और अलाव का सहारा भी लेना शुरू कर ▶▶शेष पेज 10 पर



### बच्चे और बुजुर्ग को ठंड से बचाएं

मौसम विभाग ने नागरिकों को सावधानी बरतने की अपील की है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों को ठंड से बचाने की जरूरत बताई गई है, क्योंकि तापमान में अचानक गिरावट से बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। विभाग ने सलाह दी है कि सुबह-शाम बाहर निकलते समय गर्म कपड़ों का उपयोग जरूर करें और शरीर को ठंड से सुरक्षित रखें।

## लापरवाही : कई गांवों के अनेक खारों में पिछले लगभग एक माह से यह सिलसिला जारी

# पराली की आग से धधके खेत, बढ़ा प्रदूषण कृषि एवं सेहत पर हमला, चेतावनी बेअसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

ठंड की दस्तक के साथ ही गांवों के खेत एक बार फिर आग की लपटों और जहरीले धुएं से घिरने लगे हैं। दिन ढलते ही दूर-दूर तक फैलती लाल चमक और उठते धुएं के गुबार न केवल वातावरण को दूषित कर रहे हैं, बल्कि उन किसानों के लिए भी बड़ा खतरा बन चुके हैं, जिनकी फसल अभी भी खेतों में खड़ी है या कटाई का इंतजार कर रही है। एनजीटी के सख्त प्रतिबंध और कृषि विभाग की चेतावनियों के बावजूद पराली जलाने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। कार्रवाई की आशंका के कारण किसान सुबह-सुबह यह कदम नहीं उठा रहे, बल्कि रात का अंधेरा होते ही खेतों में आग लगाने की घटनाएँ तेज हो जाती हैं।

कांकेर जिले के कई गांवों के अनेक खारों में पिछले लगभग एक माह से यह सिलसिला जारी है। अंधेरे में धधकते खेतों की लपटें दूर से ही दिखाई देती हैं और हवा में फैलता धुआं कई किलोमीटर तक वातावरण को भारी कर देता है। ग्रामीण बताते हैं कि पिछले साल भी बिल्कुल यही स्थिति बनी थी। ठंड के मौसम में वातावरण की परतें नीचे रहने के कारण धुआं पूरे क्षेत्र में देर तक पसरा रहता है, जिससे हवा में प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। गांवों में सांस लेने में परेशानी, आंखों में जलन और दमा के मरीजों की तकलीफ बढ़ने के मामले भी सामने आ रहे हैं। किसानों के मुताबिक धान की कटाई के बाद खेतों में बड़ी मात्रा में पैरा और पराली रह जाती है, जिसे हटाने में काफी समय और मेहनत लगती है। दूसरी तरफ, फसल चक्र परिवर्तन के तहत उन्हें अगली रबी फसल की बोनी जल्द शुरू करनी होती है। ऐसे में समय बचाने के लिए वे पराली को आग के हवाले कर रहे हैं। कई किसानों का कहना है कि मशीनों से पराली प्रबंधन में अतिरिक्त खर्च आता है और मजदूरों की कमी भी बड़ी समस्या है। दिन के समय सरकारी टीमों की निगरानी और संभावित जुर्माने के डर से किसान चुप रहते हैं, लेकिन शाम होते ही खेतों में जाकर पराली में आग लगा देते हैं और तुरंत वहां से लौट आते हैं। यह प्रक्रिया कुछ ही मिनटों में पूरी हो जाती है, जिससे अधिकारियों को मौके पर पकड़ पाना मुश्किल हो जाता है।




### मिट्टी की उर्वरकता होती है प्रभावित

ऐसे मामलों में न केवल आर्थिक हानि होती है, बल्कि खेत की मिट्टी की उर्वरकता भी प्रभावित होती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि पराली जलाने से मिट्टी में मौजूद लाभकारी जीवाणु नष्ट हो जाते हैं और मिट्टी की नमी तेजी से कम हो जाती है। इसका सीधा असर अगली फसल के उत्पादन पर पड़ता है।

### विभाग को कार्रवाई की जरूरत


साल दर साल दोहराई जा रही इस समस्या पर कृषि विभाग को सख्ती से ध्यान देने की आवश्यकता है। यदि समय रहते पराली प्रबंधन पर प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो प्रदूषण के साथ-साथ किसानों को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने और आधुनिक पराली प्रबंधन उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की भी जरूरत है, ताकि किसान आग के सहारे खेत साफ करने की मजबूरी से बाहर आ सकें।

### आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

## बैल बांधने के विवाद पर भतीजे ने चाचा एवं चाची को टंगिए से मारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बैल को नही बांधने से गुस्साए युवक ने अपने चाचा के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी भतीजा ने अपने चाचा को जान से मारने की धमकी देते हुए टंगिया से जानलेवा हमला किया। पीड़ित कि पत्नी बचाव करने के लिए आई तो उसके ऊपर भी हमला कर दिया। दोनो घायल जैसे तैसे अपनी जान बचाए और इलाज के लिए भानुप्रतापपुर के अस्पताल में गए। आरोपी ने धमकी दिया है कि अगर दुबारा घर आओगे, तो जान से जाओगे। घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे आसुलखार निवासी 40 वर्षीय भारत उईके पिता स्व. समारू उईके ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। मै 27 नवंबर को शाम लगभग साढ़े 7 बजें घर के आंगन में आग जलाकर ताप रहा था, तभी मेरा भतीजा श्रवण उईके पिता स्व. बीजू राम आया। मुझे कहने लगा कि बैल को बांधते नहीं हो, छोड़ दिए हो कहते हुए गाली देने लगा। जान से मारने की धमकी देते हुए पास में पड़े लोहे की टंगिया से मेरे सिर में मारा, जिससे मेरे सिर और माथा पर चोट लगा और खून बहने लगा। घटना को देखकर मेरी पत्नी संगीता उईके बीच बचाव करने आई तो आरोपी श्रवण उईके उसे भी टंगिया से मारा, जिससे मेरी पत्नी के दाहिने हाथ में चोट लगा है। मै जोर-जोर से चिल्लाया तो वह भागने लगा। किसी तरह मै और मेरी पत्नी सरकारी अस्पताल भानुप्रतापपुर पहुंचे और वहां अपना इलाज कराए। आरोपी ने हम लोगों से कहा कि घर आओगे तो जान से मार दूंगा। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी श्रवण उईके के खिलाफ धारा 118 (1), 296, 351 (3) ▶▶शेष पेज 10 पर



## सिगरेट के पैसे मांगने पर युवक ने दुकानदार को पीटा, मामला कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर के अंतागढ़ में सिगरेट के पैसों को लेकर हुई कहासुनी अचानक मारपीट में बदल गई। गुस्से से बौखलाए युवक ने न सिर्फ ठेला संचालक को पीटा बल्कि जान से मारने की धमकी देकर माहौल को दहशतपूर्ण कर दिया। घटना के बाद सहमे दुकान संचालक ने थाने पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत की, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अंतागढ़ थाना क्षेत्र के पेवारी चौक में सिगरेट खरीदने को लेकर एक युवक और पान ठेला संचालक के बीच हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पेवारी निवासी रतन मंडल पिता स्व. तिलक मंडल रोजाना की तरह 29 नवंबर की शाम अपने पान ठेला पर बैठा हुआ था। करीब साढ़े चार बजे अंतागढ़ के गढ़पारा निवासी मोहित वर्मा उसके ठेले पर पहुंचा और सिगरेट मांगी। ठेला संचालक ने उसे सिगरेट दी और पैसे मांगे। इसी बात पर मोहित वर्मा तैश में आ गया और गाली-गलौज करने लगा। आरोपी ने कहा कि बाहर से आए हो और मुझसे पैसे मांगते हो, क्या उखाड़ लोगे, इतना ▶▶शेष पेज 10 पर

## नवोदय-एकलव्य चयन परीक्षा के लिए बच्चों को नि:शुल्क कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

अंतागढ़ विकासखंड के घने जंगलों व आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के लिए जाना जाता है। शिक्षा के मामले में यह क्षेत्र लंबे समय से पिछड़ा रहा है, लेकिन अब यही अंतागढ़ शिक्षा के क्षेत्र में एक मिसाल कायम कर रहा है। सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने सामाजिक जिम्मेदारी को निभाते हुए ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सराहनीय पहल शुरू की है। अंतागढ़ स्थित गोंडवाना भवन में जवाहर नवोदय विद्यालय एवं एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की कक्षा 6 वीं प्रवेश परीक्षा की पूरी तरह निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है। सर्व आदिवासी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष संतराम ने कहा कि न सिर्फ आदिवासी बल्कि सभी वर्गों के बच्चे हमारे अपने हैं, इसलिए समाज ने निर्णय लिया है कि हर वर्ग के बच्चों को बिना किसी भेदभाव के तालीम दी जा रही है। उन्होंने बताया कि अंतागढ़ सहित दूर-दराज के गाँवों से अभिभावक स्वयं अपने बच्चों को बड़े उत्साह के साथ लेकर आते हैं। ▶▶शेष पेज 10 पर



## बेकाबू ट्रक की ठोकर से यात्री बस क्षतिग्रस्त, चालक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

माकड़ी से कांकेर की ओर आ रही एक यात्री बस उस समय हादसे का शिकार होते-होते बच गई, जब पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक ट्रक ने बस को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बस का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन सबसे राहत की बात यह रही कि सभी यात्री सुरक्षित बच गए।

कांकेर थाना में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे बालोद जिले के बी. जामगांव निवासी 48 वर्षीय नंदकुमार निषाद ने बताया कि वह 29 नवंबर की सुबह करीब पौने 6 बजे बस क्रमांक सीजी 07 सीसी 5454 में सवारियां लेकर दुर्ग से कांकेर की ओर रवाना हुए थे। लगभग सुबह 10 बजे जब वे माकड़ी पुल पार कर कांकेर सिटी की तरफ मुड़ रहे थे, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीसी 8011 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बस को टक्कर मार दी। पीड़ित बस चालक नंदकुमार ने पुलिस को बताया कि ट्रक चालक काफी उतावलेपन से वाहन चला रहा था। उसकी लापरवाही का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मोड़ पर धीमी रफ्तार से चल रही बस को उसने बिना किसी सावधानी के सीधे पीछे से जोरदार ठोकर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का पूरा पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद बस में मौजूद यात्री घबरा जरूर गए, लेकिन किसी को भी चोट नहीं आई। चालक ने तुरंत स्थिति संभाली और बस को सुरक्षित किनारे लगाकर यात्रियों को शांत कराया। इसके बाद वह घटना की शिकायत दर्ज कराने कांकेर थाना पहुंचा। शिकायत के आधार पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ तेज, ▶▶शेष पेज 10 पर



### ट्रक चालक की लापरवाही से हुआ हादसा

# बुढ़ाकुरसई में ट्रक बिजली खंभा से टकराया हजारों की क्षति एवं कई गांवों में छाया अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

आमाबेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बुढ़ाकुरसई में ट्रक की लापरवाही से एलटी विद्युत लाइन एवं खंभा क्षतिग्रस्त होने से कई गांव में अंधेरा छा गया और ग्रामीण परेशान हो गए, वहीं इस संबंध में सीएसपीडीसीएल डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर आमाबेड़ा में पदस्थ कनिष्ठ यंत्री ने 30 हजान का नुकसान बताते हुए आरोपी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

आमाबेड़ा थाना में शिकायत करने पहुंचे किशन लाल साहू ने बताया कि सीएसपीडीसीएल डिस्ट्रीब्यूशन सेन्टर आमाबेड़ा में कनिष्ठ यंत्री के पद पर पदस्थ हूं। आमाबेड़ा सब स्टेशन से ग्राम कोटकुरसई तक एचटी लाईन बिछा हुआ है। ग्राम बुढ़ाकुरसई में ट्रांसफार्मर से पूरे गांव में एलटी लाईन विद्युत विभाग के द्वारा बिछाया गया है। बुढ़ाकुरसई नाला के उस पार रोड़ के ऊपर से पार किया हुआ एक एलटी लाईन बिछा है। उस क्षेत्र की विद्युत संबंधी सम्पूर्ण देखरेख कमलेश कुमार मरापी लाईन परिचारक श्रेणी तीन के द्वारा किया जाता है। 24 नवंबर को कमलेश कुमार मरापी उस लाईन के दैनिक निरीक्षण के लिए गया हुआ था। करीबन दोपहर साढ़े 12 बजें बुढ़ाकुरसई नाला के उस पार ट्रक क्रंमाक सीजी 04 एनवाय 4487 के चालक के द्वारा ट्रक को लापरवाही पूर्वक चलाकर रोड़ के ऊपर पार हुए एलटी विद्युत लाईन को क्षतिग्रस्त कर दिया था। विद्युत तार के साथ-साथ वहां पर का एक विद्युत खम्भा भी टूट गया था। कर्मचारी कमलेश कुमार मरापी के द्वारा ट्रक चालक का नाम पूछने पर वह अपना नाम महेश कोसरे बताया था। इस बात की जानकारी कमलेश कुमार मरापी के द्वारा देने पर मैं अपने वरिष्ठ अधिकारीगण को घटना की जानकारी दिया था तथा उनसे निर्देश प्राप्त होने पर ▶▶शेष पेज 10 पर



जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस ने रजिस्ट्री शुल्क में बढ़ोतरी का किया विरोध



**धमतरी।** जमीन रजिस्ट्री शुल्क में बढ़ोतरी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के बैनरतले कांग्रेसजनों ने गांधी मैदान में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का पुतला दहन किया। इससे पूर्व बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में एकत्रित हुए जहां से नारेबाजी करते हुए गांधी मैदान पहुंचे और सीएम का पुतला फूंका। कांग्रेसियों ने पूरे राज्य में जमीन पंजीयन को लेकर हो रही लगातार समस्याएं, नई जमीन की गाइडलाइन दर में बेहताशा बढ़ोतरी एवं अनियमितता का जमकर विरोध किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष मोहन लालवानी, पूर्व महापौर विजय देवांगन, जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर, ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा, योगेश शर्मा, घनश्याम साहू, विजय प्रकाश जैन, अरविंद दोशी, शकील अहमद गुड्डा, उप नेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन, पार्षद पारसमणि साहू, राजेश ठाकुर, राजेश पांडेय, खिलेंद्र ध्रुव, विक्रांत पवार, राकेश मौर्य, अविनाश मरोठे, रजत सोनकर समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिले के चार शिक्षक बने प्राचार्य

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय सचिव द्वारा 27 नवंबर को जारी आदेश के अनुसार जिले के कई शिक्षकों को प्राचार्य पद पर पदोन्नत किया गया है। जिले के नंदकिशोर साहू अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ को उच्चतर माध्यमिक शाला खरेगा में प्राचार्य पद का दायित्व सौंपा गया है। नमिता तिवारी को नाथूजी जगताप उत्तर माध्यमिक विद्यालय धमतरी, किशोर साहू को हाईस्कूल सांकरा, नरेंद्र गजेंद्र को उच्चतर माध्यमिक शाला रांवा में प्राचार्य पद की जिम्मेदारी मिली है। इन पदोन्नतियों पर यदुनंदन वर्मा, अतुल रणसिंह, पंकज रावटे, चंपा चंद्राकर, केशव साहू, कन्हैया लाल साहू, कचरू राम, कृपाशंकर मिश्रा, कृष्णाराम साहू, ईश्वरी दयाल साहू, होलाराम परिहा, यशकरण सिंह गजेंद्र, अरुण कुमार गौर, अनीता घोरपड़े, टिकेश्वरी वर्मा, लोकेश साहू, यशवंत देवांगन, संतोष दीवान, ज्ञानेश गुप्ता, नरेश साहू, कमलेश नेताम, भारतलाल साहू, भीखम लाल साहू, राजकुमार मिश्रा, गणेशराव पवार एवं हनुमान सिंह वर्मा ने हर्ष जताया है।

# हाईकोर्ट जस्टिस सचिन सिंह राजपूत ने भंगाराम माई के दरबार में टेका मत्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के जस्टिस सचिन सिंह राजपूत शुक्रवार को बस्तर दौरे पर थे। इस दौरान देर शाम उन्होंने केशकाल के टाटामारी पहुंच कर रात्रि विश्राम किया। ततपश्चात सुबह पुलिसकर्मियों के द्वारा उन्हें सलामी दी गई। जस्टिस राजपूत को जब टाटामारी के नीचे स्थित भंगाराम माई के दरबार के इतिहास और वहां लगने वाले देवी देवताओं की अदालत के बारे में जानकारी मिली तो वह भंगाराम माई का दर्शन करने भी पहुंचे। जहां उन्होंने भंगाराम माई का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। दर्शन के पश्चात जस्टिस राजपूत ने केशकाल व्यवहार न्यायालय का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। ततपश्चात वह नारायणपुर व कोंडागांव के लिए रवाना हुए। आपको बता दें कि बिलासपुर स्थित हाई कोर्ट में प्रदेश भर के आपराधिक प्रकरणों के बड़े बड़े अपराधियों को न्यायाधीशों के द्वारा सजा सुनाई जाती है। वहां के जज सचिन सिंह राजपूत को भंगाराम माई की अदालत और यहां के इतिहास ने अपनी ओर आकर्षित किया। ऐसे में इंसानों की सबसे बड़ी अदालत के न्यायाधीश ने देवी देवताओं की अदालत पहुंच कर दर्शन किया और आशीर्वाद भी मांगा। इस दौरान भंगाराम मंदिर समिति के सदस्य बलराम गौर ने जस्टिस राजपूत को भंगाराम माई के दरबार मे प्रतिवर्ष भादो मास में लगने वाली जात्रा और देवी देवताओं की अदालत के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी भी दिया। जिसे सुन कर जस्टिस सचिन सिंह राजपूत को भी अलौकिक आनंद की अनुभूति हुई।

**टाटामारी में किया रात्रि विश्राम, सुबह पुलिस ने दी सलामी**



### ये रहे मौजूद

इस दौरान हाईकोर्ट रजिस्टर मजूर अहमद, डिस्ट्रिक्ट जज किरण चतुर्वेदी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सौम्य राय, पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा, एसडीओपी अरुण नेताम, फारेस्ट एसडीओ सुषमा जे. नेताम व टीआई ज्ञानेंद्र सिंह चौहान भी मौजूद रहे।

## यातायात नियम और नवीन आपराधिक कानूनों की दी गई जानकारी

# एनएसएस कैंप बेलगांव में माकड़ी पुलिस ने चलाया सायबर जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव पंकज चन्द्रा भापुसे के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल तथा एसडीओपी कोण्डागांव रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में थाना माकड़ी पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में आज एनएसएस कैंप बेलगांव में सायबर अपराध, महिला सुरक्षा, यातायात नियम, नशामुक्ति तथा नवीन आपराधिक कानूनों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में निरीक्षक विकास बघेल ने छात्र, छात्रओं, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों को सायबर अपराधों के प्रकार, ऑनलाइन ठगी से बचाव के तरीके, पासवर्ड सुरक्षा, ओटीपी धोखाधड़ी, सोशल मीडिया सुरक्षा आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों से बचाव, सुरक्षित व्यवहार और त्वरित शिकायत पद्धति के बारे में भी सभी को जागरूक किया गया। उन्होंने सभी को नवीन आपराधिक कानून, यातायात नियमों का पालन, हेलमेट–सीटबेल्ट का नियमित उपयोग के साथ ही नशामुक्ति के तहत नशे के दुष्परिणाम व उससे होने वाले सामाजिक, पारिवारिक नुकसान की जानकारी दी।



**मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि** – इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे श्रीमती रदमा सुधर बघेल जिला पंचायत सदस्य मुख्य अतिथि श्रीमती श्यामबती रमेश नेताम सरपंच, ग्राम पंचायत बेलगांव विशिष्ट अतिथि देवराज मोहन्ति, प्राचार्य डीएवी स्कूल वृन्दाधर नेरोजी, एनएसएसकार्यक्रम अधिकारी रमन मेश्राम, एनएसएस कार्यक्रम संयोजक मनीष कुमार यादव, व्याख्याता इसके अलावा दामिनी साहू, शमा वट्टी, दुर्गेश्वरी साहू, पवन वैष्णव, दीपेश कोड़ोपी, बुद्धू मरकाम, श्रीमती सोनाई मरकाम, श्रीमती लछनी नेताम, लहरी मरकाम, गोविंद मरकाम सहित ग्रामीण एवं समस्त एनएसएस छात्र, छात्रएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और आम नागरिकों को डिजिटल सुरक्षा, कानून जानकारी और सामाजिक कुप्रथाओं से दूर रहने के लिए प्रेरित करना रहा।

# कोदो काटने गए ग्रामीण पर भालू ने किया हमला, घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

■ संजीवनी 108 से पहुंचाया गया अस्पताल इलाज जारी

जिले के ओरछा ब्लॉक के हरबेल गाँव के गोगा राम 40 वर्ष जंगल की ओर कोसरा याने कोदो काटने गया था। तभी पीछे से भालू ने अचानक हमला कर दिया। भालू के हमले से गोगा राम खुद को संभाल नहीं पाया। भालू ने ग्रामीण को झपट रखा था। गोगा द्वारा जोर- जोर से सहायता के लिए चिल्लाने पर आसपास के ग्रामीण आवाज सुनकर दौड़े। ग्रामीणों ने गोगा राम को भालू से छुड़ाने के लिए डंडा- पत्थर से मारने लगे। तब भालू गोगा राम को अपने चंगुल से छोड़कर जंगल की तरफ भाग गया। ग्रामीणों ने अपनी व्यवस्था कर घायल को गांव तक लाये। उसके बाद अस्पताल जाने के लिए 108 एम्बुलेंस से संपर्क किया। ओरछा थाना से संजीवनी 108 से संपर्क किया गया गया। ओरछा लोकेशन की 108 टीम से ईमटी कमला और पायलट बुधराम घटनास्थल की तरफ रवाना हुए।



आदेर गांव तक आईटीबीपी के जवानों की मदद से ग्रामीण घायल व्यक्ति को लाए। तब तक संजीवनी 108 एम्बुलेंस भी गांव तक पहुंच गयी थी। घायल व्यक्ति को 108 वाहन में शिफ्ट किया गया। ईमटी ने घायल की प्रारंभिक जांच की। ग्रामीण के सिर और जांघ को भालू ने बुरी तरह नोचा था, रक्तस्त्राव हो रहा था। ईमटी ने प्रारंभिक उपचार करते हुए घायल ग्रामीण को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओरछा लाया गया गया। जहाँ से उचित उपचार हेतु मरीज को जिला अस्पताल नारायणपुर भेजा गया है।

# तीन दिवसीय बालक्रीड़ा स्पर्धा का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

ब्लॉक अंतर्गत बड़ेडोगर लाटापारा मे रविवार को जोन स्तरीय में तीन दिवसीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसका शुभारंभ अतिथियों की उपस्थिति में किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में विभिन्न खेल कबड्डी, खो-खो, दौड़, वॉलीबॉल, ऊंची कुद, लम्बी कुद, रिले रेस,ड़, गोला फेंक, रंगोली, चित्रकला, प्रश्न मंच सहित कई खेलों का आयोजन किया जायेगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग, जनपद उपाध्यक्ष जदुराम नाग, ग्राम बड़ेडोगर सरपंच चन्द्रबती पुजारी, जनपद सदस्य धनबती मंडावी, दुलमसिंह नाग, तेज मंडावी, सुरेश समराथ, हुकुम सेठी, अजय मडावी, लखन राना व वार्ड पंच समस्त जनप्रतिनिधि एव समस्त ग्रामवासीयो उपस्थित रहे।

# बच्चे के जन्म के बाद शिकायत, रिश्तेदार ही निकला अनाचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

माकड़ी थाना क्षेत्र में एक बेहद संवेदनशील और शर्मनाक मामला सामने आया है। एक लड़की के साथ उसके ही सौतेले भाई ने 8–9 महीने पहले अनाचार किया था, जिससे वह गर्भवती हो गई। 6 नवंबर को पीड़िता ने एक बच्चे को जन्म दिया। पीड़िता के परिजन ने शुरू में अज्ञात व्यक्ति पर आरोप लगाया था। थाना माकड़ी में अपराध क्रमांक 45/25 धारा 64, 351(3) भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा ने त्वरित और बारीकी से जांच के आदेश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल और एसडीओपी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी माकड़ी की टीम ने महिला पुलिस अधिकारी के जरिए पीड़िता से विस्तृत पूछताछ की। जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ आरोपी कोई और नहीं, बल्कि पीड़िता का सौतेला भाई ही था। पूछताछ में आरोपी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। 30 नवंबर को उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया और न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।



### इस टीम की रही महत्वपूर्ण भूमिका

थाना प्रभारी निरीक्षक विकास बघेल, सउनि गिरीश कतलम, प्र.आर रामदयाल पैकरा, म.प्र.आर शांति ध्रुव आरक्षक राजू पानीग्राही, केमेन्द्र उइके, जीवन पोयाम, मनेश मण्डावी पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा ने टीम की तारीफ करते हुए कहा महिलाओं–बच्चियों के खिलाफ अपराध में किसी भी स्तर की संवेदनशीलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी को किसी भी कीमत पर सजा दिलाई जाएगी। जिले में महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है।

# हाईवा वाहन चालकों से कथित कांग्रेसी नेताओं ने की अवैध वसूली

■ रत्नाबांधा चौक में रायल्टी के नाम पर पांच-पांच हजार वसूले, मुंहमांगे दाम पर लोडिंग और रायल्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

शुक्रवार रात को रेत परिवहन करने वाले दर्जन भर हाइवा वाहनों से 5-5 हजार रूपये की अवैध वसूली की शिकायत मिली है। अवैध वसूली का काम कथित कांग्रेस नेताओं द्वारा करने का आरोप है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजनांदगांव तथा दुर्ग जिले से दर्जनों हाइवा वाहन गिट्टी लेकर आते हैं और यहां से रेत भरकर अपने गंतव्य को जाते हैं। राजनांदगांव के हाइवा चालकों के मुताबिक शुक्रवार रात को सिहावा चौक के पास कुछ लोगों ने रेत भरकर वापस लौट रहे हाइवा वाहन चालकों को रोककर पिटपास दिखाने की मांग की।

अधिकांश वाहनों के पास रायल्टी नहीं होने पर उन्होंने अपने आपको कथित कांग्रेसी नेता बताते हुए माईनिंग अधिकारी को बुलाकर गाड़ी जब्त कराने की धमकी दी। उन्होंने वाहन मालिकों से फोन पर बात कर 5-5 हजार रूपये की डिमांड की। कई ड्राइवरों ने नगदी रकम दी वहीं कई वाहन मालिकों ने यूपीआई सिस्टम से मोबाइल पर पैसे ट्रांसफर किया। गत दिनों आमदी में भी हाइवा वाहनों को रोककर चेकिंग की गई। अवैध परिवहन में लिप्त कुछ वाहनों को माईनिंग के हवाले किया गया वहीं कई वाहनों से अवैध वसूली कर छोड़ा गया है।

### प्रधानमंत्री मोदी के आगमन पर दो दिन खदानें बंद



जब-जब शीर्ष नेता प्रदेश में पहुंचते हैं, रेत का अवैध कारोबार गधे के सींग की तरह गायब हो जाता है। राजधानी में पीएम मोदी का दो दिवसीय कार्यक्रम है। राजधानी में मोदी का आगमन होते ही जिले की सारी खदानें दो दिनों के लिए बंद हो गई हैं। शनिवार सुबह माईनिंग की टीम ने वैध-अवैध सभी खदानों में जाकर दो दिन के लिए रेत परिवहन का काम बंद करा दिया है। इस पर लोगों का कहना है कि प्रशासनिक सहयोग के बिना रेत का काला कारोबार नहीं चल सकता लेकिन सफेदपोश नेताओं के दबाव में अवैध कारोबार बेखौफ चलता है।

### अवैध उत्खनन, परिवहन रोकने में प्रशासन नाकाम

जिले की नदियों में रेत का अकूत भंडार है। जब से रेत खदानों की नीलामी शुरू हुई है तबसे माफियाराज पूरी तरह से हावी है। धमतरी तथा कुरूद में सफेदपोश नेताओं के वरदहस्त में दो माफिया ऐसे हैं कि चाहे नीलामी में किसी को टेंडर मिले वही दो माफिया खदानों का संचालन कर सकते हैं। इस वजह से कम्पिटिशन नहीं होने से रेत लोडिंग और रायल्टी का 4 गुना से अधिक दाम वसूला जा रहा है। हाइवा संचालक बताते हैं कि शासन ने नीलामी के दौरान 115 रूपये घनमीटर लोडिंग तथा रायल्टी 50 रूपये घनमीटर निर्धारित की है। खदानों में हाइवा वाहनों की लोडिंग घनमीटर से नहीं की जाती। चक्के के हिसाब से दर निर्धारित की गई है। 10 चक्का वाहनों की 5500 रूपये लोडिंग तथा 2500 रूपये रायल्टी वहीं 12 चक्का वाहनों की लोडिंग 7500 रूपये तथा रायल्टी 3500 रूपये ली जाती है। इससे 500 फीट साईज वाले हाइवा संचालकों का काम ठप हो गया है। कुछ वाहन मालिक डाला की साईज बढ़ाकर ओवरलोड परिवहन के लिए मजबूर हैं। रायल्टी निर्धारित दर से 4 गुना अधिक होने से एक ही टीपी से हफ्तों रेत परिवहन कर रहे हैं।

# काम बंद-कलम बंद आंदोलन की बनी रूपरेखा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की बैठक कर्मचारी भवन कचहरी चौक धमतरी में आयोजित की गई। बैठक में 22, 23 एवं 24 दिसंबर को प्रस्तावित काम बंद कलम बंद आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई। सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के अनुसार धमतरी जिले के सभी चार विकासखंडों तथा जिला मुख्यालय में गांधी मैदान में तीन दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। आंदोलन की सफलता के लिए जिला स्तरीय फेडरेशन टीम ब्लॉक संयोजकों से समन्वय स्थापित करते हुए विकासखंडों का दौरा करेगी। आंदोलन के प्रभावी प्रचार-प्रसार हेतु सभी अध्यक्ष व्हाट्सएप समूहों के माध्यम से संदेश प्रसारित करेंगे। आगामी समीक्षा बैठक में तीन दिवसीय हड़ताल के दौरान लगने वाले संसाधनों एवं व्यवस्थाओं पर चर्चा की जाएगी। बैठक में चंदूलाल चंद्राकर, दयालुराम साहू, अमित महोबे, एनआर. टंडन, खुमान सिंह ठाकुर, राजकुमार सिन्हा, महेंद्र कुमार साहू, संदीपराव जाधव, डीएन साहू सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित होकर पुल से गिरा ट्रैक्टर, युवक की मौके पर मौत



**फरसगांव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फुपगांव और घोड़सोडा के बीच स्थित पुल में शनिवार की शाम करीब 6 बजे ट्रेक्टर अनियन्त्रित होकर पुल के नीचे गिर गई।

इस हादसे में ट्रेक्टर में सवार युवक ग्राम भंडारवन्डी निवासी सोनू राम नेताम पिता चौधरी नेताम उम्र 27 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर फरसगांव थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए चीरघर मया है। रविवार को परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया है। जानकारी के अनुसार ट्रेक्टर भंडारवन्डी की है, जिसमें फूपगांव में आयोजित बालक्रीड़ा प्रतियोगिता में शामिल हुए बच्चों को वापस लेने जा रहे थे तभी यह हादसा हो गया। फ़िलहाल फरसगांव थाना पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

## पेज 09 के शेष ...

### आसमान रहेगा साफ, दिन-रातण...

दिया है। मौसम विभाग के अनुसार न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे जाने की संभावना है। जिले में बढ़ती ठंड के इस दौर को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने भी नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि तापमान में लगातार होने वाली गिरावट से मौसम जनित रोगों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में सावधानी ही सुरक्षा है।

### बैल बांधने के विवाद पर भतीजा...

बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### सिगरेट के पैसा माँगने पर युवक ने...

कहकर उसने रतन मंडल को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी आक्रोश में आकर हाथ-मुक्कों और लातों से ठेला संचालक पर टूट पड़ा। अचानक हुए हमले में पान ठेला संचालक के होठ और दोनों गालों पर चोटें आईं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शाम के समय पेवारी चौक पर काफी भीड़ रहती है, ऐसे में इस तरह की घटनाएं इलाके में तनाव का माहौल पैदा कर देती हैं। पुलिस को रूटीन चेकिंग के लिए भ्रमण करते रहना चाहिए। घटना से घबराए रतन मंडल सीधे अंतागढ़ थाने पहुंचा और मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी मोहित वर्मा के खिलाफ धारा 115 (2), 296 और 351 (2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

### नवोदय-एकलव्य चयन परीक्षा ...

अनुभवी शिक्षकों द्वारा नवोदय एवं एकलव्य पैटर्न पर आधारित बेसिक से लेकर एडवांस स्तर तक तैयारी कराई जा रही है। गत सत्र में इस कोचिंग से प्रशिक्षित कई बच्चों का एकलव्य एवं नवोदय में चयन हुआ था। यह पूरी तरह सामाजिक पहल है एवं समाज के पदाधिकारी चाहते हैं कि इस प्रयास को हमेशा जारी रखेंगे। कोचिंग प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 8 बजे तक गोंडवाना भवन में चल रही है। यह पहल साबित करती है कि जब समाज आगे आता है, तो सरकारी प्रयासों से भी बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।

### बेकाबू ट्रक की ठोकर से यात्री बस...

लापरवाहीपूर्वक व उतावलेपन से वाहन चलाकर दुर्घटना कारित करने का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर आगे की विवेचना शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि दुर्घटना का प्रमुख कारण ट्रक चालक की लापरवाही थी, जिसकी वजह से बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

### बुढ़ाकुरसई में ट्रक बिजली खंभा ...

29 नवंबर को घटना की रिपोर्ट आमाबेड़ा थाना में कराया। विद्युत तार एवं पोल के क्षतिग्रस्त होने से सीएसपीडीसीएल को लगभग 30 हजार रूपएं का नुकसान हुआ है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ट्रक क्रंमाक सीजी 04 एनवाय 4487 के चालक महेश कोसरे के खिलाफ धारा 3 लोक सम्पत्ति का नुकसानी का निवारण अधिनियम और 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप



### चेस इंटर हाउस इंट्रामुरल स्पर्धा हुई

**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में नियमित एक्टिविटी के तहत इस शनिवार को चेस इंटर हाउस इंट्रामुरल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के चारों हाउस सत्यम, शिवम, सुंदरम और मधुरम हाउस के बच्चों ने हिस्सा लिया। कुल 20 टीम ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रथम स्थान देवराज सुन्दर हाउस, द्वितीय स्थान दीपक सुंदरम हाउस ने प्राप्त किया। बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए विद्यालय में प्रत्येक शनिवार को अलग-अलग खेल प्रतियोगिता प्राचार्य आरके बघेल के मार्गदर्शन में आयोजित की जाती है। मौके पर व्याख्याता आरके टंडन, एचके साहू, केके वर्मा, बीके निषाद, जेके साहू, व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू, डीके साहू, पी शर्मा, एस साहू, जे ध्रुव, एस अग्रवाल, ओमेश्वरी मैम, एम ठाकुर उपस्थित थे।

### भुसरेंगा स्कूल के छात्र संविधान की मूल भावना से हुए अवगत



**डांडेसरा(धमतरी)।** शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला भुसरेंगा में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को भारतीय संविधान की मूल भावना, मौलिक अधिकार, महत्व एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था। संस्था प्रमुख यूके कोसरिया ने बच्चों एवं शिक्षकों को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया। प्राथमिक स्कूल के प्रधानपाठक कुलेश्वर साहू ने भारतीय संविधान की विशेषताओं, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा नागरिक कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान केवल एक विधिक दस्तावेज नहीं बल्कि यह देश की आत्मा, पहचान और नागरिक अधिकारों का संरक्षक है। लोमस कुमार साहू शिक्षक ने कहा कि संविधान की मूल भावना को व्यवहार में लाने और समाज में सकारत्मक परिवर्तन लाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर हमारा संविधान देश का अभिमान थीम पर चित्रकला, क्विज प्रतियोगिता भी हुई। मौके पर श्रीमती यामिनी देवांगन, गीता साहू, केशरी दादर, देवबती ध्रुव, आरती यादव, सीता बाई साहू, दया बाई नागरची, कोमल साहू, ईश्वरी यादव, लीला बाई ध्रुव, ज्योति ध्रुव, भारती पटेल, शारदा बाई ध्रुव आदि उपस्थित रहीं।

## निधन

### अमर नाथ जेम्स



**जगदलपुर।** शांति नगर वार्ड निवासी अमर नाथ जेम्स का निधन आज सुबह 8.30 बजे हो गया। वे कांग्रेस प्रदेश सचिव उदयनाथ जेम्स के चाचा थे। उनका बरियल कल 1 दिसंबर को सुबह 10 बजे उनके निवास शांति नगर कब्रिस्तान के पास से अंतिम आराधना के पश्चात शांति नगर स्थित मसीह कब्रिस्तान में किया जाएगा।

### आशीष तोमर

**जगदलपुर।** वरिष्ठ पत्रकार शांति प्रसाद तोमर के पुत्र आशीष तोमर का हार्ट अटैक से निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा दोपहर 3 बजे शांति नगर स्थित उनके निवास से निकली। जिसमें परिजन, शहरवासी और पत्रकार शामिल थे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने करीतगांव एवं तारागुड़ा में लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करीतगांव ब्लाक बकावंड में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने सुरक्षित लईकामन 3.0 परियोजना कार्य प्रारंभ किया। जो छत्तीसगढ़ शासन, स्वच्छ भारत, एक कदम स्वच्छता की ओर, यूनिसेफ एवं शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय धरमपुरा के तत्वावधान में कार्यशाला विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया था। मुख्य अतिथि डॉ. नीता वाजपेई राज्य एनएसएस अधिकारी, मुख्य वक्ता अभिषेक त्रिपाठी राज्य समन्वय यूनिसेफ, डॉ. संजीवन कुमार कार्यक्रम समन्वयक, डॉ राजेश लालवानी कुलसचिव एवं प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव कुलपति

### लैंगिक हिंसा, मानसिक स्वास्थ्य एवं सामाजिक व्यवहार परिवर्तन पर किया सर्वे



**इनका रहा योगदान**

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए करीतगांव की प्राचार्य मोनिता पानिग्राही, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी राहुल सिंह ठाकुर, सहायक अधिकारी वाणी हुमने, लोकेश निषाद एवं इकाई के स्वयंसेवक शामिल थे।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की जिला समन्वयक मौसमी विश्वास के दिशा निर्देश में कार्यशाला के अंतर्गत इस परियोजना में स्वयंसेवकों ने भाग लिया। करीतगांव एवं तारागुड़ा में ग्रामीणों के बच्चों को स्वच्छता, बालकों के लिए पौष्टिक भोजन, घर में बच्चों पर लैंगिक हिंसा एवं उनके मानसिक स्वास्थ्य एवं सामाजिक व्यवहार परिवर्तन पर सर्वे किया एवं उनसे चर्चा की। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य सभी ग्रामीण क्षेत्रों में बालकों में कुपोषण, लैंगिक हिंसा एवं बाल विवाह और उनकी मानसिक स्वास्थ्य एवं सामाजिक व्यवहार परिवर्तन की पूर्ण रूप से सकारात्मक परिवर्तन लाना और समाज में उन्हें स्वस्थ मानसिकता एवं मुख्य धारा में जोड़ना है।

### किसान के मक्का को बेईमानीपूर्वक ले जाने वाला राजनांदगांव का आरोपी गिरफ्तार

# आध्रंप्रदेश के देवरपल्ली से 6 लाख का 33 टन मक्का और 20 लाख का ट्रक जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भानपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम सालेमेटा निवासी किसान का 33 टन मक्का बेईमानीपूर्वक ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में

- सालेमेटा के किसान की रिपोर्ट पर आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

पुलिस ने आरोपी को आध्रप्रदेश के देवरपल्ली इलाके से हिरासत में लेकर उसके कब्जे से 6 लाख रूपए का मक्का व 20 लाख रूपए कीमत का ट्रक जब्त कर बरामद किया है। मामले में आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया।



मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश तथा एसडीओपी भानपुरी प्रवीण भारती के पर्यवेक्षण में थाना भानपुरी से टीम गठित किया गया था। भानपुरी टीआई हर्षकुमार धुरधंर ने बताया कि मामले कि रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थी हरदेव बघेल 55 वर्ष निवासी सालेमेटा थाना भानपुरी ने बताया कि उसका 6 लाख रूपए कीमत का 33 टन मक्का 25 नवम्बर को ट्रक क्रमांक सीजी 08 एएफ 6611 का चालक आरोपी रहिमन टीकमदास द्वारा अपने ट्रक वाहन में लोड कर बिना बताए बेईमानीपूर्वक ले गया है। रिपोर्ट पर थाना भानपुरी में धारा 316 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। मामले में भानपुरी पुलिस ने त्वरिक कार्रवाई करते हुए आरोपी का पता तलाश कर उसे गोलागुण्डम थाना देवरपल्ली जिला ईस्ट गोदावरी आंध्रप्रदेश में जाकर वाहन को पकड़ा गया। त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक हर्ष कुमार धुरंधर के अलावा एसआई लक्ष्मीनाथ ध्रुव, एएसआई रैनुराम मौर्य, प्रधान आरक्षक किशोर कुमार गुप्ता व आरक्षक तरूण यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**आरोपी के खातों को किया गया ब्लाक**

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 14 नवम्बर को एमएच ट्रेडर्स से 33 टन मक्का वजन करने के बाद उसे लोड करके अपने ट्रक से बेईमानीपूर्वक ले जाकर ओडिशा में बोरिगांव के पास अपने लाभ के लिए बेच दिया है। पैसा अपने नाम से अपने बैंक खाता में लिया है। इसके बाद 20 नवम्बर को बाबा ट्रेडर्स फरसगांव से मक्का को लोड करके मक्का को परमेश्वरी बायोटेक देवरपल्ली आंध्रप्रदेश में तारा ट्रेडर्स के नाम से झूठ बोलकर बेचा है। तीनों जगह से पूर्व परिचय होने से उनके भरोसा को तोड़कर बेईमानीपूर्वक मक्का को अपने ट्रक में भरकर परिवहन कर बेचना बताया। मामले में भानपुरी पुलिस द्वारा आरोपी के बैंक खातों को ब्लॉक कराया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# जरूरतमंद परिवार को मिली सहायता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अन्नपूर्णा मुहिम के अंतर्गत नगरनार क्षेत्र के जरूरतमंद परिवार को दूसरी बार सहायता पहुंचाई गई। संत रामपाल महाराज की प्रेरणा से

- संत रामपाल महाराज के अनुयायियों ने पहुंचाई खाद्य सामग्री

सेवादारों ने परिवार की स्थिति को देखते हुए पुनः राहत सामग्री उपलब्ध कराई।

विधवा लखमी बघेल और उनके चार छोटे बच्चों की आर्थिक स्थिति कमजोर है। पति के देहांत के बाद परिवार के पास नियमित आय का कोई साधन नहीं है। छोटे बच्चों की जिम्मेदारी के कारण मजदूरी भी नियमित रूप से नहीं कर पातीं जिससे परिवार पर संकट बना हुआ है।

सेवादारों ने चावल,आलू, प्याज, शक्कर , दूध पाऊडर, नमक, खाने का तेल, मसाला, साबुन जैसे जरूरत के सामान परिवार को दिए।

मदद प्राप्त होने पर लखमी बघेल ने भावुक होकर कहा पहली बार भी सहारा मिला था और आज दोबारा सहायता मिलने से तकलीफ कम हुई।

सेवादारों में गनपत सेठिया अलनार, जगदीश दास जगदलपुर रामचंद्र नाग कुम्हली पाकलु जीरागांव दिनेश नाग मावलीपदर तथा जयपाल सेठिया अलनार शामिल थे।

# अगर फॉर्म नहीं भरा तो वोटर लिस्ट से हो जाओगे गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा कि देश भर में सरकार ने नया नियम लागू किया है। जिसके तहत हर वोटर को अब एसआईआर

- रेखचंद ने की एसआईआर फॉर्म भरने की अपील

फॉर्म भरना अनिवार्य है। जनसंपर्क करते उन्होंने लोगों से कहा अगर यह फॉर्म तय समय में नहीं भरा तो नाम वोटर लिस्ट से हटाया जा सकता है । इससे वोट डालने का अधिकार खो सकते हैं।

उन्होंने नागरिकों से अनुरोध



किया 4 दिसम्बर फॉर्म भरने की अंतिम तिथि है । इसलिए जागरूकता का परिचय देते हुए अपने परिवार के मतदाताओं का फॉर्म अवश्य भरें। आगे सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में तकलीफ होंगी।

अम्बेडकर वार्ड में रेखचंद जैन, नगर प्रभारी गौरनाथ नाग, पार्षद सूर्या पानी, वरिष्ठ कांग्रेसी रामशंकर राव, अमरनाथ सिंह, पार्षद जाहिद खान, गौतम पानीग्राही, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, ऋषि निषाद, हरीश साहू, अमरनाथ सिंह, कमलेश पाठक, अल्ताफ खान गुड्डू, निर्मल लोढ़ा, जोहन सुता, असीम सुता मतियस ललित धन फूल के साथ अन्य वार्ड कंगोली, प्रवीर वार्ड, विजय वार्ड, माता संतोषी वार्ड गुरुघासीदास वार्ड, रमय्या वार्ड, दंतेश्वरी वार्ड, राजेन्द्र नगर वार्ड, वल्लभभाई पटेल वार्ड, कुशभाऊ ठाकरे वार्ड, अटल आवास में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनिरीक्षण कार्यक्रम के सन्दर्भ में डोर टू डोर दौरा किया। पूर्व विधायक ने कई लोगों के फॉर्म भी भरवाए।

# बस्तर पंडुम सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने का प्रयास है: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ की समृद्ध आदिवासी संस्कृति को जीवंत बनाने बस्तर पंडुम के आयोजन के लिए शनिवार को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने उच्चस्तरीय बैठक ली। जिसमें वन

- 5 जनवरी से 5 फरवरी तक होने वाले आयोजन में होंगी 12 प्रमुख विधाएं
- बस्तर के समाज प्रमुख सिरहा, मांझी, चालकी को करेंगे आमंत्रित

मंत्री केदार कश्यप एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल शामिल हुए। इस महोत्सव में बस्तर संभाग की अनूठी लोककला, संस्कृति, रीति-रिवाज और पारंपरिक जीवनशैली को मंच देने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

विजय शर्मा ने कहा कि बस्तर पंडुम का आयोजन न केवल बस्तर की सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने का प्रयास है बल्कि इस क्षेत्र के प्रतिभाशाली कलाकारों को मंच देने और उनकी कला को प्रोत्साहन प्रदान करने का सुनहरा अवसर भी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में इसका सफल आयोजन सभी विभागों को मिलकर करना है। वनमंत्री ने कहा कि बस्तर पंडुम अपने आप में अनूठा अवसर है जो बस्तर के युवाओं को अपनी



सांस्कृतिक विविधता और उसकी खूबसूरती एक बड़े मंच पर दिखाने का मौका प्रदान करती है।

संस्कृति मंत्री ने कहा कि बस्तर पंडुम का आयोजन राज्य की संस्कृति का परिचायक है। इसके लिए राज्य शासन के द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां तय समय सीमा में पूर्ण करनी होंगी।

5 जनवरी से 5 फरवरी तक होने वाले बस्तर पंडुम में 12 प्रमुख विधाओं में बस्तर के पारंपरिक नृत्य-गीत, रीति-रिवाज, जनजातीय नृत्य, वाद्ययंत्र, शिल्प, पारंपरिक व्यंजन, जनजातीय गीत, वेशभूषा, चित्रकला, आंचलिक साहित्य, जनजातीय नाट्य, जनजातीय आभूषण, पेय पदार्थ एवं वन-औषधी के प्रदर्शन पर आधारित प्रतियोगिताएं होंगी। ये प्रतियोगिताओं जनपद, जिला और संभाग स्तर पर आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता का पहला चरण 5 से 15 जनवरी तक जनपद स्तर पर होगा, दूसरा चरण 20 से 25 जनवरी तक जिला स्तर पर और अंतिम चरण 1 से 5 फरवरी तक संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होगा। प्रत्येक चरण के विजेताओं को पुरस्कार राशि और प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने बस्तर पण्डुम में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित किये जाने हेतु जनजातीय बाहुल्य राज्यों के जनप्रतिनिधियों, केन्द्रीय मंत्री, विदेशी राजनयिकों, राजदूतों एवं बस्तर क्षेत्र के स्थानीय विषय विशेषज्ञ, पद्म विभूषित गणमान्य नागरिकों, बस्तर क्षेत्र के विभिन्न कार्य क्षेत्रों उपलब्धि प्राप्त विशिष्ट जनों को बस्तर की विशिष्ट संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बस्तर के समस्त समाज प्रमुख, सिरहा, मांझी, चालकी को भी आमंत्रित करने को कहा। बस्तर पंडुम में संभाग के 7 जिलों के 1885 ग्राम पंचायत, 32 जनपद पंचायत, 8 नगर पालिका, 12 नगर पंचायत तथा 1 नगर निगम क्षेत्र के प्रतिभागी शामिल होंगे।

# पीएमश्री स्कूल कठौली में हुआ बाल मेला





हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिर्री

हायर सेकेंडरी स्कूल, माध्यमिक शाला व पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला कठौली के संयुक्त तत्वावधान में बाल मेला का आयोजन हायर सेकेण्डरी स्कूल कठौली में किया गया। मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, विशेष अतिथि सरपंच डां. खेमराज साहू, प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल के प्रबंधन समिति अध्यक्ष टिकेश विश्वकर्मा, गणेश राम साहू, नीलमणि निषाद रहे। कार्यक्रम के दौरान गौकरण साहू सहित अतिथियों ने स्टाल में सजे विभिन्न व्यंजनों का स्वाद लिया। आनंद मेला में पालकगण एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। मौके पर प्राचार्य एनके धीवर, एनके वर्मा, पीएमश्री प्रधानपाठक एलके साहू, सीके नगारची, समन्वयक डीके साहू तथा तीनों विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाएं व छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथों पर सुनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात

# शहरी से लेकर ग्रामीण बूथों तक गूंजी प्रेरक बातें : वेदप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के सभी बूथों पर आज रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने आमजनों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम के 128वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया। पार्टी संगठन द्वारा प्रत्येक बूथ में प्रभारी एवं मुख्य अतिथियों की नियुक्ति कर कार्यक्रम को सफल बनाने की विस्तृत रूपरेखा बनाई गई थी।

शहरों से लेकर दूरस्थ ग्रामों तक कार्यकर्ताओं ने बूथवार बैठकर कार्यक्रम सुना। भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने बकावण्ड क्षेत्र के सरगीपाल मण्डल अंतर्गत ग्राम करीत के बूथ क्रमांक



199 में ग्रामीण कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर मन की बात का श्रवण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम सदैव प्रेरणादायक रहा है। देश की नवीन उपलब्धियों, जनभागीदारी और महत्वपूर्ण विषयों को लेकर प्रधानमंत्री सीधे 140 करोड़ देशवासियों से संवाद स्थापित करते हैं, जो अत्यंत प्रशंसनीय है।

शहरी क्षेत्र में जगदलपुर पूर्वी एवं पश्चिमी मण्डल के सभी बूथों पर भी कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम का श्रवण किया। पश्चिम नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा ने महाराणा प्रताप वार्ड के बूथ क्रमांक 178 में बैठकर मन की बात सुनी।

कार्यक्रम में निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, योगेन्द्र पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष नरसिंह राव, आर्येन्द्र सिंह आर्य, ललिता बघेल, सफीरा साहू, रामकुमारी यादव, लखीधर बघेल, जिला महामंत्री रजनीश पाणिग्रही, परिस बेसरा, फूल सिंह सेठिया, सुब्रतो विश्वास, रैतूराम बघेल, नारायण ठाकुर, किरण सेन, खितेश मौर्य, राजपाल कसेर, सुरेश मिश्रा, पुरूषोत्तम जोशी, शशिनाथ पाठक, सुधा मिश्रा, योगेश शुक्ला, राकेश तिवारी, अतुल सिम्हा, संजय चंद्राकर, दिगम्बर राव, संतोष बाजपेयी, विक्रम सिंह यादव, दशरथ गुप्ता, बृजेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**बूथ स्तर पर जनभागीदारी बढ़ाने पर फोकस**

बस्तर जिले में भाजपा ने बूथस्तर पर जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से मन की बात कार्यक्रम को सामूहिक स्वरूप दिया, जिसमें गांव-शहर तक कार्यकर्ताओं व नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। प्रधानमंत्री के संदेशों को सीधे बूथों में सुनने की यह पहल राजनीतिक चेतनशीलता, संगठनात्मक मजबूती और जनसंपर्क विस्तार का प्रभावी उदाहरण बनकर उभरी, जिसकी सराहना कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह से की।

# डीएसपी बने डायमंड का संयुक्त शिक्षक संघ ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶|मगरलोड

छग प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ ने ग्राम परसवानी के डायमंड सिंह ध्रुव का छग लोक सेवा आयोग की परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही डीएसपी पद पर चयन होने पर घर जाकर मुंह मीठा कराकर एवं गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। डायमंड सिंह स्व. बलरामसिंह सूर्यवंशी करारोपण अधिकारी जपं मगरलोड एवं श्रीमती अंबिका सूर्यवंशी शिक्षिका के बेटे हैं। अपनी मेहनत एवं लगन से जो मुकाम हासिल किया है, वह अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

इस उपलब्धि पर जिला कोषाध्यक्ष डेवेश कुमार साहू, ब्लॉक अध्यक्ष बेदराम साहू, कोषाध्यक्ष झुमुकलाल साहू, सचिव उदयभान पाल, उपाध्यक्ष लुकेश्वर निषाद, प्रवक्ता महेश साहू, महामंत्री दिनेश कुमार गायकवाड़, सहसचिव शेखन साहू, रीमन सिंग दीवान, रोहित साहू, दुष्यंत माणिक, सुरेश साहू ने खुशी जाहिर की है।

## खबर संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री ने अस्पताल पहुंचकर घायल महिला आरक्षक का हाल जाना



**जगदलपुर ।** सुकमा जिले में गुरुवार को आईईडी ब्लास्ट में गंभीर रूप से घायल जिला पुलिस बल की महिला कांस्टेबल मुचाकी दुर्गा के स्वास्थ्य की जानकारी लेने उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा रायपुर के रामकृष्ण हॉस्पिटल पहुंचे। दुर्गा से मिले और स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों से चर्चा की और बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए। चिकित्सकों ने बताया कि मुचाकी दुर्गा की स्थिति खतरे से बाहर हैं। गंभीर चोटों के कारण उन्हें स्वस्थ होने में समय लगेगा।

गौरतलब है कि सुकमा जिले में डीआरजी और डिस्ट्रिक्ट फोर्स की संयुक्त टीम के साथ महिला कांस्टेबल दुर्गा एरिया डोमिनेशन ऑपरेशन के लिए गोगुण्डा की पहाड़ी पर गयी थी। जंगलों की ओर बढ़ रही थी। वहां नक्सलियों द्वारा लगाया गया एक प्रेशर आईईडी सक्रिय अवस्था में था। अनजाने में उन्होंने आईईडी पर पैर रख दिया, जिससे हुए विस्फोट के चलते वह घायल हो गई। उनके पैर, हाथ, आंख और चेहरे पर चोट आयी। उपमुख्यमंत्री ने दुर्गा की बड़ी बहन मुचाकी करुणा से बात करते हुए शासन की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।



### लाइन में गिलहरी चिपकने से बंद रही बिजली

**जगदलपुर।** शहर के आवंतिका कालोनी की विद्युत लाईन के डीपी में गिलहरी चिपकने से बिजली 30 मिनट तक बंद रही और परेशान रहे। बताया जा रहा है उपभोक्ताओं ने पॉवर हाऊस में फोन किया कि बिजली बंद हो गई। इससे विद्युत लाइनमेन आवंतिका कालोनी की लाइन की सर्चिंग की कि किस कारण से बिजली बंद हुई, लाईन के डीपी में गिलहरी चिपक गई है, उसे हटाने बिजली बहाल हुई। जगदलपुर जोन के सहायक अभियंता विनोद टंडन ने बताया कि विद्युत लाईन में पक्षियों, सांप एवं गिलहरी के चलते बिजली बंद हो रही है।

## निधन

### लीलाबाई साहू

**दुधावा।** विकासखंड कांकेर अंतर्गत कुरना निवासी 90 वर्षीय लीलाबाई साहू पति गुहाराम साहू का 29 नवंबर की रात को आकस्मिक निधन हो गया।



अंतिम संस्कार ग्राम कुरना में 30 नवंबर को किया। वह अपने पीछे भरा पुरा परिवार को छोड़ कर चली गई। वे टीकम साहू और प्रकाश साहू का माता व दुधावा निवासी दीनदयाल साहू का नानी थे।

## मन की बात में पीएम मोदी ने कृषि, संस्कृति से जुड़ी उपलब्धियों का किया उल्लेख

# दस वर्षों में खाद्यान्न उत्पादन में 100 मिलियन टन की वृद्धि कृषि क्रांति का है प्रतीक : पीएम मोदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

मन की बात के 128 वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को संबोधित करते हुए कृषि, युवा शक्ति, अंतरिक्ष तकनीक और संस्कृति से जुड़ी अनेक उपलब्धियों का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत ने 357 मिलियन टन खाद्यान्न उत्पादन कर एक नया ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है। दस वर्ष पहले की तुलना में देश का खाद्यान्न उत्पादन 100 मिलियन टन बढ़ा है, जो किसानों की मेहनत और कृषि क्षेत्र की प्रगति का प्रमाण है।

रविवार को मासिक रेडियो कार्यक्रम में पीएम ने कहा कि नवंबर का महीना कई प्रेरणादायी घटनाओं का साक्षी रहा। उन्होंने 26 नवंबर को सांसद के सेंट्रल हॉल में आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम, वंदे मातरम्‌ के 150 वर्ष पूरे होने पर देशभर में कार्यक्रमों की शुरुआत, अयोध्या में राम मंदिर पर धर्मध्वजा आरोहण, और कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में पांचजन्य स्मारक के लोकार्पण का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने इसरो की एक अनोखी ड्रोन प्रतियोगिता का जिक्र किया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर विशेष रूप से चर्चित हुआ। उन्होंने बताया कि देश के युवा, विशेषकर जेनरेशन



जेड, मंगल ग्रह जैसी परिस्थितियों में ड्रोन उड़ाने का प्रयास कर रहे थे। मंगल पर जीपीएस उपलब्ध नहीं होने के कारण ड्रोन को केवल कैमरा और इनबिल्ट सॉफ्टवेयर की मदद से दिशा, ऊँचाई और बाधाओं का अनुमान लगाकर उड़ना था, जिसके चलते कई ड्रोन नीचे गिरते भी दिखे। प्रधानमंत्री ने पुणे के युवाओं की टीम की सराहना की, जिन्होंने बार-बार असफल होने के बाद भी आखिरकार कृत्रिम मंगल सतह पर ड्रोन उड़ाने में सफलता हासिल की। उन्होंने कहा कि युवाओं की यह दृढ़ता उन्हें चंद्रयान 2 की असफलता के बाद वैज्ञानिकों द्वारा तुरंत चंद्रयान 3 की तैयारी की याद दिलाती है।

जी 20 सम्मेलन का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि उन्होंने विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों को भारत की सांस्कृतिक धरोहर से जुड़े उपहार भेंट किए, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति को चोल कालीन नटराज प्रतिमा, कनाडा के प्रधानमंत्री को उदयपुर की चांदी के अश्व की प्रतिकृति और जापान की प्रधानमंत्री को तेलंगाना की प्रसिद्ध बुद्ध प्रतिमा शामिल थीं।

उन्होंने इसे भारतीय कला संस्कृति की वैश्विक पहचान का प्रतीक बताया। प्रधानमंत्री ने हरियाणा के कुरुक्षेत्र में स्थापित महाभारत अनुभव केंद्र का भी उल्लेख किया, जहाँ 3डी, लाइट एंड साउंड और डिजिटल तकनीकों के माध्यम से महाभारत की कथा को जीवंत रूप में दिखाया जा रहा है। उन्होंने कोयंबटूर में आयोजित नेचर फार्मिंग सम्मेलन में हुए प्रयासों की भी सराहना की, जहाँ अनेक उच्च शिक्षित युवा प्राकृतिक खेती को अपनाकर कृषि में नई दिशा दे रहे हैं।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, मंडल महामंत्री राजीव श्रीवास, लक्ष्मण कुलदीप, गणेश पटेल, गणेश टांडिया, अंजली ठाकुर, सविता कावडे, ललिता कावडे, रिंकी साहू, मानसी नरेटी, प्रेम मंडावी, सुनीता निषाद, श्यामा नरेटी सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए यूनियन संघर्ष को तेज करने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय कर्मचारी यूनियन ने प्रदेश सरकार से अक्टूबर माह में जारी नए कलेक्टर मजदूरी दर पर महंगाई भत्ता में बढ़ोतरी नहीं करने पर घोर आपत्ति जताते हुए महंगाई भत्ता में बढ़ोतरी करने का मांग किया है।

जारी प्रेस बयान में यूनियन के राज्य अध्यक्ष द्वारका कोसरिया और महासचिव भाव सिंह कश्यप ने बताया कि प्रत्येक 6 माह के अंतराल में कलेक्टर 33 नियोजकों, जिसमें नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारी भी शामिल है, उनके लिए न्यूनतम मजदूरी दर जिसमें वेतन और परिवर्तनशील महंगाई भत्ता को शामिल कर निर्धारित किया जाता है। लेकिन इस बार अक्टूबर माह में शासन द्वारा जो न्यूनतम मजदूरी तय किया गया है, उसमें वेतन और महंगाई भत्ता में कोई बढ़ोतरी न कर मजदूरों के साथ अन्याय किया है। देश में महंगाई आसमान छू रही है, लेकिन श्रम विभाग ने श्रमिकों के वेतन और महंगाई भत्ता को पूर्ववर्ती दर में कोई परिवर्तन न कर श्रमिकों पर



आर्थिक बोझ डाल दिया है।जब देश में एक तरफ आवश्यक वस्तुओं की कीमतों बेतहाशा वृद्धि हो रही है,महंगाई से आम जनता परेशान है तब सरकार का यह कदम को श्रमिक विरोधी कदम निरूपित करते हुए यूनियन नेताओं ने कहा कि शासन के इस निर्णय से श्रमिकों में आक्रोश व्याप्त है। गौरतलब है कि आज छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों की बैठक में निर्णय लिया गया कि श्रमिकों के कानूनी अधिकारों की रक्षा के लिए और श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ संगठन के गतिविधियों को तेज करते हुए यूनियन की सदस्यता के विस्तार पर भी चर्चा किया गया। बैठक में पिछले दिनों यूनियन द्वारा चलाए गए अभियानों पर समीक्षा करते हुए पाया कि पूरे प्रदेश में सिर्फ कांकेर नगर पालिका में ही प्लेसमेंट कर्मचारियों को पहली बार ईएसआई कार्ड मिला है।

## विधायक ने कराकी बाजार में देसी सब्जी खरीदी कर बढ़ाया किसानों का हौसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल



दुर्गुकोंदल ब्लॉक के अंतिम छोर पर बसे ग्राम कराकी के सब्जी बाजार में उत्साह का वातावरण देखने को मिला। यहाँ की मरार समाज के किसानों द्वारा उगाई जाने वाली देसी सब्जियों की चर्चा विधायक तक पहुंची, जिसके पश्चात विधायक स्वयं अचानक सब्जी बाजार पहुँचे और किसानों से सीधे संपर्क कर स्थानीय देसी उपज खरीदी।

ग्रामवासियों ने बताया कि कराकी क्षेत्र में देसी खेती की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। यहाँ की उपज शुद्ध, स्वादिष्ट और प्राकृतिक तरीके से उगाई जाती है। विधायक को यह जानकारी मिलने पर वे ग्रामीणों से मिलने सीधे सब्जी मार्केट पहुँचे। बाजार में उपस्थित ग्रामीणों ने अपने बीच विधायक को पाकर खुशी जाहिर की तथा आत्मीय स्वागत किया। किसान भाइयों से बातचीत करते हुए विधायक ने उनकी समस्याओं, खेती व्यवस्था और बाजार उपलब्धता की जानकारी भी ली। विधायक ने किसानों को भरोसा दिलाया कि सरकार द्वारा किसानों के हित में चल रहे योजनाओं को इस क्षेत्र तक बेहतर रूप से लागू कराया जाएगा और साथ ही देसी सब्जियों को अधिक बाजार उपलब्ध कराने के लिए भी सहयोग का आश्वासन दिया। विधायक के पहुंचने पर बाजार में उत्साह, अपनापन और गरिमा का माहौल देखा गया।

■ मरार समाज के किसानों ने की बातचीत, जैविक उत्पादन पर जोर दिया

ग्रामवासियों ने कहा कि पहली बार उनके क्षेत्र के बाजार में किसी जनप्रतिनिधि ने इस प्रकार प्रत्यक्ष रूप से देसी सब्जियाँ खरीदकर किसानों का सम्मान किया है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि कराकी क्षेत्र को देसी सब्जी उत्पादन का मॉडल गाँव बनाकर कृषि आधारित आय बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। ग्रामीणों ने यह भी मांग रखी कि सब्जी बाजार का विस्तार, मूल्य स्थिरता एवं परिवहन व्यवस्था बेहतर की जाए, जिससे किसानों को उचित मूल्य और आय सुरक्षित मिल सके। कार्यक्रम का समापन किसानों और जनप्रतिनिधियों के बीच सौहार्दपूर्ण संवाद के साथ हुआ।

## नारी शक्ति को संयुक्त परिवार एवं एकता के महत्व को समझना होगा : नलिनी प्रभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढपिछवाडी में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला पालक उपस्थित रहें। कार्यक्रम का प्रारंभ मॉ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ से आयोजन समिति ने किया।

अतिथि की आसंदी से नलिनी प्रभा वाजपेई ने कुटुंब प्रबोधन पर विचार रखते हुए कहा कि नारी को एकल परिवार के संकुचन से मुक्त रहते हुए संयुक्त परिवार को महत्ता प्रदान करनी होगी। इस अवसर पर नारी में श्री, वाक, स्मृति, घृति, क्षमा व मेघा के स्वरूप का बोध करवाया। नारीसप्त शक्ति से संयुक्त परिवार की दृढ़ता को इंगित किया। सामाजिक कार्यकर्ता निर्मला नेताम ने धर्म, संस्कृति, पर्यावरण की रक्षा जैसे तमाम महत्वपूर्ण विषयों पर हमारे साधु संतों, ऋषि मुनियों के कार्य की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। अहिल्याबाई होल्कर का उदाहरण देते हुए पर्यावरण के प्रति उनकी जागरूकता को अभिव्यक्त किया। नारियों को तमाम अधिकारों का संक्षेप में उल्लेख करते हुए कहा कि नारियों का भविष्य आने वाले दिनों में अत्यंत उज्जवल है। मुख्य अतिथि संगीता साहू ने कहा कि नारी शक्ति का जागरण देश की प्रगति व आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक है। नारी सप्तशक्ति भारतीय संस्कार व संस्कृति का नारियों में प्रकटीकरण का एक सशक्त माध्यम बना है। हमें समाज में समरसता को स्थान दिलाने प्रयास करना होगा।



■ सशिमं के सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला पालक उपस्थित हुए

वरिष्ठ आचार्य भानुप्रतापपुर सुनीता साहू ने कहा कि नारी एक संपूर्ण चेतना है। वह परिवार की आधारशिला, प्रेरणा व त्याग की मूर्ति है। सप्तशक्ति आयोजन इसी कड़ी में नारी शक्ति का बोध कराती है। विद्यालय की बहनों के द्वारा सप्त शक्ति संगम गीत हम ही मातृशक्ति है प्रस्तुत किया गया। अध्यक्षता करते हुए तृप्ति जैन ने कहा कि संयुक्त परिवार की बात करें तो आज परिवार एक संकुचित परिवार के तहत देखने को मिलता है। परिवार छोटे स्तर पर सिमटता जा रहा है, जबकि संयुक्त परिवार में एक पूर्ण स्वरूप दिखाई पड़ता है।

विद्यालय की शिक्षिका रेणुका जैन ने कविता के माध्यम से दो कुल की लाज लेकर पलती है, बेटियाँ का भाव व्यक्त करते हुए महिला पालकों के बीच धार्मिक ग्रंथों पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन करवाया। आयोजन में विद्यालय की शिक्षिका शशिकला श्रीवास्तव ने कविता प्रस्तुत करते हुए कहा मै आज की नारी हूँ, अबला नहीं सबला हूँ। लीना देवांगन ने कविता के माध्यम से विचार व्यक्त करते हुए कहा मै स्त्री हूँ, मै समता हूँ, मै दर्शन हूँ, मै गीता हूँ। नारी के विभिन्न रूपों की अभिव्यक्ति विद्यालय की बहने आशा पटले, हिमाद्री जैन, निहारिका साहू, जान्हवी रोशनी, सेजल विधि, प्रिया व पुष्पांजलि ने प्रस्तुत किया, जिसमे नारी शक्ति के रूपों की अभिव्यक्ति प्रदर्शित हो रही थी। संपूर्ण कार्यक्रम की मुख्य संयोजिका सविता यादव, सह संयोजिका रूखमणी साहू, अशोक राठी, ललित गांधी, प्राचार्य कैलाश कुमार तारक एवं समस्त आचार्य व महिला पालक उपस्थित रहें।

## सिहावा विस में 89 प्रतिशत एसआईआर पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी के रेस्ट हाउस में शुक्रवार को भाजपा की एसआईआर को लेकर बैठक हुई। कांकेर सांसद भोजराज नाग ने सिहावा विधानसभा क्षेत्र में चल रहे एसआईआर (विशेष मतदाता सूची निरीक्षण) कार्य का बूथवार एवं सेक्टरवार निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शक्ति केंद्र प्रभारियों से अद्यतन प्रगति की जानकारी ली और शत-प्रतिशत लक्ष्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। सांसद श्री नाग ने स्पष्ट कहा कि जिन बूथों पर मतदाता पहचान में समस्या सामने आ रही है, वहां निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार अधिकारी व पार्टी द्वारा अधिकृत कार्यकर्ता तुरंत समाधान कराएं, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। दोपहर 12 बजे तक सिहावा विधानसभा क्षेत्र में 89 प्रतिशत एसआईआर कार्य पूर्ण हो चुका था। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने बूथवार प्रगति रिपोर्ट सांसद को सौंपते हुए विवरण प्रस्तुत किया। सांसद ने नगर पंचायत के तीन बूथों का निरीक्षण किया। बूथ अध्यक्ष, वार्ड पार्षदों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की उपस्थिति में कार्यों की समीक्षा की गई। सांसद नाग ने कहा कि 4 दिसंबर से पूर्व कोई भी योग्य स्थानीय मतदाता सूची से न छूटे। बाहरी राज्य, क्षेत्र से आए व्यक्तियों के नाम चिह्नित कर आवश्यक विलोपन हेतु आवेदन सुनिश्चित किया जाए।

## छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष सम्मान समारोह की तैयारी तेज, हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल

छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में 25 वर्षों का उत्सव वर्षों का संकल्प थीम पर आयोजित होने वाले सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर ग्राम पंचायत कोदापाखा में औषधालय प्रबंधन द्वारा महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में ग्राम के जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम प्रमुखों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

बैठक में यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रस्तावित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग को आमंत्रित किया जाए। इसके पश्चात सांसद से दूरभाष पर चर्चा की गई, जिसमें उन्होंने अपना स्नेहपूर्ण सहमति प्रदान करते हुए 20 दिसंबर के बाद कार्यक्रम आयोजित करने पर सहमति व्यक्त की। बैठक के दौरान हमर सुघ्घर




औषधि उद्यान एवं ऑक्सीजन जोन का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण उपरांत यह जानकारी साझा की गई कि औषधीय पौधों से सुसज्जित यह उद्यान 60 प्रतिशत जनसहभागिता से सफलतापूर्वक विकसित किया जा चुका है। शेष 40 प्रतिशत विकास कार्य को भी सांसद एवं ग्रामीणों के सहयोग से पूर्ण करने का संकल्प लिया गया है। औषधालय द्वारा बताया गया कि यह उद्यान न केवल प्राकृतिक वातावरण को समृद्ध करेगा, बल्कि ग्रामीणों के लिए आयुर्वेदिक औषधीय पौधों का महत्वपूर्ण संरक्षित क्षेत्र बनने की दिशा में अग्रसर है और साथ ही यह परिसर स्थानीय युवाओं के लिए ऑक्सीजन जोन रूप में स्वास्थ्य संरक्षण का प्रतीक होगा। सम्मान समारोह के सुचारू आयोजन के लिए ग्राम पंचायत कोदापाखा एवं ग्राम प्रमुखों की पूर्ण सहयोग की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। बैठक में सरपंच सोमनाथ नेताम, ग्राम गायता पतिराम नरेटी, ग्राम पटेल रामप्रसाद नरेटी, औषधालय प्रभारी डा.केवी गोपाल, सीमा कावड़े, सविता, योग प्रशिक्षक शिवप्रसाद बघेल, ग्राम प्रमुख जगदीश मरकाम सभी ने एकस्वर में कहा कि यह समारोह ग्राम, क्षेत्र एवं जिले के सामाजिक, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संवर्धन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल है।

# पूर्व प्रेमी से संबंधों के आरोप में विधवा की पिटाई, 4 आरोपियों पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजूर

प्रेम प्रसंग के एक पुराने विवाद ने शुक्रवार रात उस समय हिंसक रूप ले लिया, जब पूर्व प्रेमी से संबंधों के आरोप में पखांजूर के ग्राम इरपानार में एक विधवा महिला की उसके घर में घुसकर महिला की बेरहमी से पिटाई कर दी गई। हमले में महिला को गंभीर चोटे आई हैं, जिसे सिविल अस्पताल पखांजूर में भर्ती कराया गया है। पीड़िता ने चार आरोपियों के खिलाफ पखांजूर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

घटना शुक्रवार 28 नवबंर की रात लगभग 10 बजे की है जब पीड़िता हरीदासी राय अपनी मां और बेटे के साथ घर पर मौजूद थी। जानकारी के अनुसार गांव के दबंग मुखिया अखिल सरकार पूर्व प्रेमी की पत्नी के भाई रंजीत और अन्य दो आरोपी खीरमोहन सरकार तथा मनी मोहन सरकार कथित तौर पर हरीदासी राय के घर में



जबरन घुसे। इन सभी ने मिलकर विधवा महिला पर पूर्व प्रेमी लक्ष्मण घोष से बातचीत करने के आरोप में हमला कर दिया और उसकी जमकर पिटाई की। इस हमले में हरीदासी राय के सिर सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। हरीदासी राय के पति की मृत्यु कोरोना काल के दौरान हो गई थी। इसके बाद विवाह से पूर्व रहे प्रेमी लक्ष्मण घोष से फिर से संपर्क बढ़ा। जानकारी के अनुसार दोनों करीब तीन साल तक हैदराबाद में लिव-इन संबंध में भी रहे थे। करीब चार माह पहले गांव लौटने पर लक्ष्मण घोष की पत्नी ने इस संबंध को लेकर गांव में शिकायत दर्ज कराई थी। तब गांव के मुखिया ने एक बैठक कर महिला और युवक को आपस में बातचीत न करने का आदेश दिया था। इस आदेश का उल्लंघन करने पर उन पर दस हजार रुपए का अर्थ दंड भी लगाया गया था। कुछ दिन पहले प्रेमी की पत्नी ने अपने पति को फिर से हरीदासी राय से बातचीत करते हुए पकड़ा, जिससे विवाद और रंजिश और गहरी हो गई। इसी रंजिश के चलते शुक्रवार रात महिला पर यह जानलेवा हमला किया गया। पीड़िता ने पखांजूर थाने में आरोपियों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए उन पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। पखांजूर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और पूरे घटनाक्रम की गहन जांच में जुट गई है।

